# छात्राएं कड़ी मेहनत व अनुशासन से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है : मंत्री खर्रा



श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को नगरीय विकास व स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संबोधित किया।

■ श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**सीकर** (निसं)। श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मंगलवार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नगरीय विकास व स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि छात्राओं को अनुशासन व कडी मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। सुशिक्षित व संस्कारित नारी शक्ति का मानवता की रक्षा करने में उत्कृष्ट योगदान रहा है।

कार्यक्रम अध्यक्ष सह प्रान्त प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विशाल ने कहा कि सकारात्मक सोच से हम समाज में उचित बदलाव ला सकते है। युवा पीढ़ी संस्कारों एवं आदर्शों को जीवन में अपनाकर उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीकुमार लखोटिया संयोजक प्रवासी प्रकोष्ट ने कहा कि मातृशक्ति परिवार व समाज को माननीव मूल्यों से संस्कारित कर उत्कृष्ट राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाती है।

उपाध्यक्ष हेमंत बियानी ने आगंतुक अतिथियों का परिचय प्रस्तुत कर छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। सचिव डी.पी. अग्रवाल ने आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति को सेवा व समर्पण भाव से राष्ट्र विकास में तत्पर रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. रामकृष्ण शर्मा ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

सदस्य पंकज बियानी ने उपस्थित महानुभावों व सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य व गायन की आकृष्ण प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बालिकाओं ने घूमर रमबा म्है ज्यासा, राधा एण्ड ग्रुप की छात्राओं ने योद्धा बन गई मैं की तथा साक्षी एवं आईशा ने युगल नृत्य, विष्णु उपासना की प्रस्तुति दी।

समारोह में वर्षभर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा प्रतीक्षा सोनी, स्वाती पारीक, बबीता मीणा, अंजली शेखावत, साक्षी चौधरी, पल्लवी माथुर, निकिता जांगिड़, संजु कुमारी सहित अन्य छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय प्राचार्य रामकृष्ण शर्मा ने विद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 48 वर्ष पूर्व महाविद्यालय की स्थापना 1977 में हुई थी। वर्तमान में कॉलेज में 800 छात्राएं अध्ययनरत है तथा महाविद्यालय में कला, वाणिज्य, विज्ञान, स्नात्तकोत्तर तक की अध्ययन की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में शैक्षिणक गतिविधियां खेल कूद, सेमीनार व्याख्यान वर्ष पर्यन्त चलते रहते है। महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति, महापुरूषों की जीवनियों की जानकारी छात्राओं को दी जाती है। इससे पूर्व आगन्तुक अतिथियों का माला,शाफा तथा शॉल ओढाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक रतन लाल जलधारी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ कमल सिखवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, महेश होलानी, अशोक चौधरी, छगन लाल शास्त्री, जगदीश कुमावत, कोषाध्यक्ष गोपाल सोमानी, पवन मोदी, दिनेश बियानी, पन्नालाल सारडा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जगदीश अगवाल, भवानी शंकर अग्रवाल, वंदना बियाणी, डॉ हरिकिशन सोमानी, अंकित काबरा, डॉ बी.एल. रणवां, जगदीश कुमावत, डॉ रामप्रसाद भड़िया , जगदीश प्रसाद चौकडीका, राजेंद्र खंडेलवाल, ललित झाझुका, शंकर भारती, गिरीश सोमानी, सत्य सोमानी, दिनेश काबरा, मनीष काबरा, गोविन्द सेनी, राजेन्द्र गुप्ता, छगन लाल शास्त्री, हिमानी बियानी, स्वाति बियानी, गिरधारी पंसारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## ईद मिलन समारोह हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)। मिल्लत वेलफेयर ट्रस्ट और मेडिकल सर्विस सोसायटी झुंझुनूं की तरफ से जमातखाना अल कुरैश गेस्ट हाउस में ईद मिलन प्रोग्राम रखा गया। इस प्रोग्राम में झुंझुनूं की गंगा जमुना संस्कृति की मिसाल देखी गई। इस प्रोग्राम में विभिन्न संस्थाओं लॉयंस क्लब, रोटरी क्लब, महावीर इंटरनेशनल, सद्भावना मंच झुंझुनूं, ईदगाह कमेटी झुंझुनूं, अल कुरैश वेलफेयर सोसाइटी, एपीसीएआर कमेटी झुंझुनूं के विभिन्न पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल हुए और एक से बढ़कर एक नज्म और शेरों शायरी के जरिए सद्भावना के विचार प्रकट किए गए। इस प्रोग्राम में कारगिल योद्धा कैप्टन टीपू सुल्तान खान ने झुंझुनूं के विभिन्न धर्मों के बीच आपसी यारी दोस्ती का तराना पेश किया। सद्भावना मंच और भगत सिंह विचार मंच के अध्यक्ष बजरंगलाल एडवोकेट दयानंद ने भी नफरत को हराकर प्रेम की बयार फैलाने के अपने विचार प्रकट किए।

लॉयंस क्लब से पधारे लॉयंस क्लब झुंझुनूं सलाहकार नरेंद्र व्यास, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, मनोज सिंह ने भी आपसी सौहार्द की जरूरत पर जोर दिया। ईदगाह कमेटी के सेक्रेटरी इकबाल मलवान और शहर काजी सफीउल्ला सिद्दिकी ने इस्लाम में मानवता के संदेश की व्याख्या कर मिसाल पेश की।मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एमडी चोबदार साहब ने भी ईद की बधाइयां दी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**बीदासर** (निसं)। पुलिस थाना क्षेत्र बीदासर के गांव बैनाथा जैतासर मार्ग पर पैदल जा रहे 17 वर्षीय सुनील कुमार की ट्रेक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको घायल अवस्था में ग्रामीण राजकीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। लेकिन बीच रास्ते ही सुनील कुमार की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैनाथा ऊमजी निवासी मृतक के ताऊ नानूराम ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी कि मेरा भतीजा सुनील सोमवार को अपनी ढाणी से पैदल पैदल चल कर राशन डीलर से राशन का समान लेने जा रहा था, कि बीच रास्ते ही मुख्य मार्ग पर ट्रेक्टर के वाहन चालक ने वाहन को तेज गति व गफलत से चलाते हुए टक्कर मारी जिससे मेरा भतीजा गंभीर रूप से घायल होने पर राजकीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया। रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो जाने पर सीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के ताऊ नानूराम की रिपोर्ट पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर सीएचसी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल प्रभुदयाल पुत्र चम्पालाल जाति रैगर निवासी वार्ड नंबर 18, रैगर बस्ती, तारानगर तहसील तारानगर जिला चूरू के तीन पुत्र व एक पुत्री संतान है जिनके नाम शिवलाल सबलानिया (विवाहित), विक्रम (विवाहित), बंटी सबलानिया (विवाहित) व एक पुत्री पूजा (विवाहित) है। उक्त संतानों में बंटी सबलानिया करीब 3 सालों से मेरे मुवक्किल से अलग-थलग रहकर अपना जीवनयापन कर रहा है इन वर्षो में मेरे मुवक्किल के पुत्र बंटी सबलानिया का मेरे मुवक्किल से कोई सम्पर्क नहीं है ना ही कोई सम्पर्क व संबंध उसने रखा है बंटी सबलानिया मेरे मुवक्किल के नियंत्रण में नहीं है मेरा मुवक्किल 50 वर्ष की आयु का सीनियर सिटीजन है तथा शुगर, बीपी का पेसेन्ट भी है। मेरे मुवक्किल की पत्नी भी बीपी, शुगर, थाइराईड की समस्याओं से अस्वस्थ रहती है, बंटी सबलानिया के व्यवहार, आचरण से मेरे मुवक्किल व इनकी पत्नी व अन्य परिवारजन अत्यंत दुखी है बंटी सबलानिया ने विगत 3 वर्षों से अपने माता-पिता से सम्पर्क तोड लिया है उसका व्यक्तिगत तौर पर किन्ही व्यक्तियों से लेन-देन रहा है, तो वह ना तो मेरे मुवक्किल की जानकारी में है, तथा ना ही मेरे मुवक्किल की उस बाबत कोई जिम्मेदारी है। मेरा मुवक्किल बंटी सबलानिया को अपने जीवनकाल में जायदाद से पूर्णतः बेदखल करता है बंटी सबलानिया के साथ किसी भी व्यक्ति ने किसी भी तरह का कोई लेन-देन व व्यवहार किया है या करेगा तो उसकी मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नही है। वह व्यक्ति स्वयं ही तथा बंटी सबलानिया की जिम्मेदार होगा।

राहुल एडवोकेट चूरू



**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर प.स. सुजानगढ़ (चूरू)**

ग्रा.पं./सा./2025/SPL01 दिनांक :-05.04.2025

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सालासर में निम्नलिखित पट्टों के आवेदन पर राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 148 के तहत आपतियां आमंत्रित की जा रही है ।

| क्र. सं. | पट्टा आवेदक का नाम | पड़ोसियों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1 | अनुज पुजारी पुत्र अर्जुन पुजारी | भूखंड:- दीनदयाल पुजारी पुत्र वासुदेव पुजारी | मकानात:- कुशलाराम प्रजापत | भूखंड:- दूदाराम जाट | भूखंड :-बाबूलाल पुजारी व नवीन कुमार तथा आम रास्ता |

उपरोक्त आबादी भूमि के पट्टे बनाने के आवेदनो पर आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है इन संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपति हो तो दिनांक 05/05/2025 को प्रातः 11:00 AM तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे । समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा। 05/05/2025

गीता देवी, प्रशासक, ग्राम पंचायत सालासर, पं.स. सुजानगढ़ (चूरू)


## सार-समाचार

### सूर्या जल मंदिर व पक्षी चुग्गाघर का लोकार्पण

**झुंझुनूं,** (निसं)। गांव उत्तरासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्या जल मंदिर व देवस्थान मंदिर के प्रांगण में पक्षी चुग्गाघर का लोकार्पण समारोह किया गया। यह जल मंदिर और चुग्गा घर ठाकुर साहब स्व. जवानसिंह की स्मृति में उनके सुपुत्र पूर्व पंसस भामाशाह गणेशसिंह शेखावत द्वारा बनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू ने मंदिर और घर, दोनों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां ने की। अति विशिष्ट अतिथि सीबीईओ महेंद्र जाखड़, पूर्व सरपंच बाकरा सतीश खीचड़, बगड़ चेयरमैन गोविंदसिंह राठौड़, बालाजी ग्रुप के चेयरमैन कृष्ण गावडिया, युवा मोर्चा नेता रविंद्र सिंह तोलियासर, कुलोद मंडल अध्यक्ष भाजपा अनुपम जाखड़, बूंटीनाथ आश्रम दोरासर के लखनगिरी महाराज मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरेश कुमार आर्य ने देश भक्ति रागनियां प्रस्तुत की। स्कूल प्राचार्य सभी अतिथियों का अभिवादन किया एवं कार्यक्रम में सुरेश गुर्जर, सूबेदार सवाईसिंह शेखावत, अर्जुनसिंह शेखावत, रामसिंह गुर्जर, करणीराम महला, सुमेर महला, रमेश कुमार सर्वा, बजरंगलाल मीणा, गिरधारी चावड़ा, प्रभातीलाल मीणा, गोपाल मीणा, राजेश मीणा, राधेश्याम पारीक, नरेश भूरिया, सांवरमल सैनी, सुरेंद्रसिंह दोरादास, नत्थूराम ख्यालिया, विद्याधर शर्मा, केशरदेव शर्मा, बाकरा से सुभाष रेप्सवाल, करणीराम खीचड़, महेंद्रसिंह शेखावत, योगेंद्रसिंह शेखावत, उम्मेदसिंह शेखावत, विक्रमसिंह शेखावत, कल्याणसिंह शेखावत, रघुवीरसिंह शेखावत, भंवरसिंह शेखावत, भोलाराम बोयल आदि मौजूद थे।

### विजेताओं को सम्मानित किया

**चूरू** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिक उत्सव एस्ट्रोन कार्यक्रम का समापन सोमवार देर रात हुआ। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में अवल्ल रहे विद्यार्थियों व फैकल्टी सदस्यों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य महेश मोहनलाल पुकार व चिकित्सकों ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता फैकल्टी सदस्यों व विद्यार्थियों की रनरअप टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य महेश मोहनलाल पुकार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस साप्ताहिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान बास्केटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित अनेक प्रतियोगिताओं में फैकल्टी के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गायन व नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान फैशन शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन शानदार सामूहिक नृत्य से किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, बीएल नायक, इकराम हुसैन, डॉ. मोहम्मद आरिफ, डॉ. विकास देवड़ा, डॉ. रमाकान्त वर्मा, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. अजीत गढवाल, अभिमन्यु तिवाड़ी सहित बडी संख्या में डॉक्टर्स व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बलिदान दिवस मनाया

**सादुलपुर,** (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा चूरू जिला कार्यालय सादुलपुर में मंगलवार को क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय का बलिदान दिवस मनाया गया। दोपहर 12 बजे दी जानकारी के अनुसार भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड एडवोकेट ने कहा कि मंगल पाण्डेय ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह करने वाले 1857 की क्रान्ति के पहले क्रान्तिकारी थे। शहीद मंगल पांडे ने ब्रिटिश सेना में चर्बी युक्त कारतूस का विरोध किया, जिसके विद्रोह के कारण आज ही के दिन ब्रिटिश सरकार ने फांसी की सजा दी। शहीद मंगल पांडे के बलिदान को देश हमेशा-हमेशा याद रखेगा । इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, भाजपा किसान मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी, सन्दीप प्रजापत, महेंद्र झाझड़िया, राकेश सहारण, सत्यवीर झाझड़िया, सज्जन कस्वां, विकास जांगिड़, अन्तर ढाका, बलवान प्रजापत, अशोक चांगल, राजेश श्योराण, कपिल शर्मा, मनोज सिंह, सुमेर नाई सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई।

### पोषण जागरूकता रैली निकाली

**बीदासर** (निसं)। श्री खूबचंद बांठिया राजकीय उच्च माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सप्तम पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन सीडीपीओ गौरव चौधरी ने किया। सीडीपीओ गौरव चौधरी द्वारा पोषण पखवाडा अभियान के बारे में जानकारी देते हुए अभियान के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पोषण जागरूकता रैली का आयोजन भी किया जिसमें बीदासर शहर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ गौरव चौधरी, महिला पर्यवेक्षक उषा टेलर, महिला पर्यवेक्षक अनिला शर्मा विद्यालय संस्था प्रधान प्राचार्य डॉ. कमलेश शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीना कुमारी, मंजुला, कमला भोजक, विजय लक्ष्मी, मेना, सविता, कुलविंदर कौर, सुनीता साहू, आंगनवाड़ी सहायिका जमना दर्जी एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### दिवांशी मिस फेयरवेल चुनी गई

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्राओं के लिए जूनियर छात्राओं द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विदाई कार्यक्रम में तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्राओं के लिए हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के पश्चात महाविद्यालय में छात्रा दिवांशी को मिस फेयरवेल चुना गया। द्वितीय रनरअप सोनिया चेजारा एवं प्रथम रनर अप सलोनी जांगिड़ रही। तीन वर्ष तक महाविद्यालय में लगातार उत्कृष्ट सह शैक्षिणक गतिविधियों में भागीदारी निभाने वाली सभी छात्राओं को महाविद्यालय ने मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. सुनिता बेनीवाल ने सभी छात्राओं से महाविद्यालय परिवार से लगातार जुड़े रहने का आव्हान किया।

## आहूजा का पुतला जलाया

**रतनगढ़,** (निसं)। भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली के मंदिर दर्शन के बाद गंगाजल से शुद्धिकरण कराने के विरोध में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष इंद्रराज खिचड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने स्थानीय अशोक स्तम्भ के पास ज्ञानदेव आहूजा का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इंद्रराज खीचड़ ने बताया कि भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मंदिर दर्शन के पश्चात गंगाजल से शुद्धिकरण कराना भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता का प्रतीक है।ऐसी संकीर्ण, विभाजनकारी और जातिवादी सोच एक लोकतांत्रिक और समावेशी समाज के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह कृत्य न केवल दलित समाज का अपमान है, बल्कि सामाजिक सौहार्द पर भी आघात है। इस अपमानजनक एवं घृणित कृत्य के विरोध में चूरू जिला कांग्रेस ने तीव्र आक्रोश व्यक्त किया।

## सीकर जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं)। जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला प्रमुख गायत्री कंवर की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले की सभी पंचायत समितियों के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना की वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के 1437.65 करोड रुपए के 31 हजार कार्यों , महात्मा गांधी नरेगा योजना की पूरक वार्षिक कार्य योजना 2024-25 के 10 करोड़ 90 लाख के 360 कार्यों, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- 4 के लिए डीआरआरपी कैंडीडेट रोड एवं सीएनसीपीएल के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नेछवा की दो, श्रीमाधोपुर की तीन एवं नीमकाथाना, दांतारामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ की एक-एक कर कुल 8 लिंक रूट सड़कों सहित अन्य प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। बैठक में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और कृषि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन मंथन हुआ, जिस पर जिले के विकास को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया।

जिला प्रमुख गायत्री कंवर ने बैठक में कहा कि विभागीय अधिकारी सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों का त्वरित निस्तारण करें और अगली बैठक में पूरी जानकारी व पालना रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। उन्होंने कहा, ''सदस्यों को उनके द्वारा मांगी गई जानकारी समय पर मिलनी चाहिए, ताकि जनता के हित में तेजी से काम हो सके।''

बैठक में जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ सख्त कार्रवाई, सीकर शहर की अधूरी सड़कों को पूरा करने और सड़क किनारे लगे बिना अनुमति के अवैध होर्डिंग्स को हटाने जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। प्याज भंडारण की व्यवस्था को लेकर भी ठोस कदम उठाने पर सहमति बनी। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने अधिकारियों को इन समस्याओं के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में जलदाय, बिजली और ड्रेनेज विभागों के साथ समन्वय रखा जाए, ताकि सड़कों को बार-बार तोड़ने की नौबत न आए।

उन्होंने जलदाय विभाग को कंटीजेंसी प्लान के तहत पूरे जिले में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और एवीवीएनएल को गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए दवाओं और चिकित्सा व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन किया

**सीकर** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा में आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय कोलीड़ा के द्वारा मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया प्रदर्शनी का उद्घाटन नीरज चौधरी प्रधानाचार्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलीड़ा, शिवपाल सिंह मील सरपंच कोलीड़ा, सुल्तान सिंह मिल प्रधानाध्यापक आदर्श विद्या निकेतन कोलीड़ा के द्वारा किया गया। स्काउट मास्टर अमिताब धोबी ने बताया कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में हमारे विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि विजेताओं को पुरस्कार दिए गए, साथ ही प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संग्रह प्रकृति से संबंधित नारे वेस्ट से बेस्ट उपयोगी सामान, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सामग्री, प्राचीन सिक्के, विदेशी सिक्के, देसी विदेशी नोटों का संग्रह, स्काउट स्कार्फ व वोगल का संग्रह, हाथ से बने हुए सामान आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में संदीप कुमार मील, दीपक कुमार ,बसंत कुमार शर्मा ,किरण चौधरी आदि के द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर व्याख्याता ममता गोरा जीव विज्ञान , मुकेश कुमार मील व्याख्याता भूगोल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलीड़ा, स्काउट गाइड व विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहें।

## सत्संग एवं मेला आज

**पाटन** (निसं)। कस्बे में स्थित कबीर आश्रम में दादा गुरु गोवर्धन दास साहेब की स्मृति में एक भव्य सत्संग एवं मेला भण्डारे का आयोजन होगा। यह आयोजन सद्‌गुरु प्रेम साहेब द्वारा संचालित एवं वर्तमान में शिष्य धन्नादास साहेब की देखरेख में कबीर आश्रम में किया जाएगा। संरक्षक अध्यक्ष हजारीलाल देहरान ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 अप्रैल, की रात को विशेष सत्संग का आयोजन होगा तथा 10 अप्रैल, को मेला एवं भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सभी भक्तों, श्रद्धालुओं और परिवारों के लिए खुला है, ताकि वे इस पवित्र अवसर पर संतो के सत्संग का लाभ प्राप्त कर सकें।

## संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण समय पर करें : जिला कलेक्टर



जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को गंभीरता से निस्तारित करने और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, श्रम विभाग, पशुपालन सहित अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संपर्क पोर्टल और जन सुनवाई में दर्ज प्रकरणों, उनके निस्तारण, ई-फाइलिंग की स्थिति की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले विभागों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कहा।

उन्होंने सहकारिता विभाग को जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने, पीएम सूर्य घर योजना के तहत 59 गोद लिए गांवों में सोलर प्लेट्स की स्थापना, पशुपालन विभाग को मंगला पशु बीमा योजना में पंजीयन बढ़ाने, शत-प्रतिशत पेंशन सत्यापन, पालनहार योजना में प्रगति, आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण करने, खाद्य सुरक्षा योजना के नए आवेदनों का निस्तारण करने और अपात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटाने के निर्देश दिए। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की नियमित मॉनिटरिंग, भूमि आवंटन और अन्य अनुमतियां जारी कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

**जल जीवन मिशन और गौशालाओं पर विशेष ध्यानः-** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने पीएचईडी को जल जीवन मिशन के तहत समर कंटीजेंसी प्लान तैयार करने, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों और ई-फाइल पेंडेंसी को कम समय में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को जिले की सभी गौशालाओं में चारा-पानी, वैक्सीनेशन और अनुदान योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने को कहा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, लाइट्स पोर्टल और विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइट्स पोर्टल पर लंबित मामलों का जवाब फाइल कर पोर्टल को अपडेट करें।

**बैठक में ये रहे मौजूदः-** बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) भावना शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, अधीक्षण अभियंता जलदाय रमेश कुमार राठी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद बंजारा, सीपीओ अरविंद सामोर, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हरी, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SALASAR, P.S. SUJANGARH (CHURU)**

क्रमांक :- ग्रा.पं./सा./2025/185 दिनांक :- 08.04.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for opne tender of Gram Panchayat SALASAR Panchayat Samiti SUJANGARH (CHURU) a construction work "RS.9.99 lac" is invited from eligible interested bidders for upto 6.00 PM of 19/04/2025 Other particulars of the bid may visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and www. eproc.rajasthan .gov. in of state and at Gram Panchayat SALASAR office in all working days.

NIB No .: ZCR2526A0035
UBN No.: ZCR2526WSOB00087

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGADH

गीता देवी, प्रशासक GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGADH



**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SALASAR, P.S. SUJANGARH (CHURU)**

No.: Proc./2025/173 Date: 07/04/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for various civil construction work are invited from interested bidders for upto 11:00 AM of 15/04/2025 Other particulars of the bid may be visited on procurement portal http://sppp.raj.nic.in the and at Gram Panchayat SALASAR office in all working days.

NIB No .: ZCR2526A0029
UBN No.: ZCR2526WSOB00044
UBN No.: ZCR2526WSOB00045
UBN No.: ZCR2526WSOB00046
UBN No.: ZCR2526WSOB00047
UBN No.: ZCR2526WSOB00048
UBN No.: ZCR2526WSOB00049
UBN No.: ZCR2526WSOB00050
UBN No.: ZCR2526WSOB00051
UBN No.: ZCR2526WSOB00052
UBN No.: ZCR2526WSOB00053
UBN No.: ZCR2526WSOB00054
UBN No.: ZCR2526WSOB00055
UBN No.: ZCR2526WSOB00056
UBN No.: ZCR2526WSOB00057

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGADH

गीता देवी, प्रशासक GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGADH



**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SALASAR, P.S. SUJANGARH (CHURU)**

No.: Proc./2025/166 Date: 07/04/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for various civil construction work are invited from interested bidders for upto 11:00 AM of 15/04/2025 Other particulars of the bid may be visited on procurement portal http://sppp.raj.nic.in the and at Gram Panchayat SALASAR office in all working days.

NIB No .: ZCR2526A0031
UBN No.: ZCR2526WSOB00069
UBN No.: ZCR2526WSOB00070
UBN No.: ZCR2526WSOB00071
UBN No.: ZCR2526WSOB00072
UBN No.: ZCR2526WSOB00073
UBN No.: ZCR2526WSOB00074
UBN No.: ZCR2526WSOB00075
UBN No.: ZCR2526WSOB00076
UBN No.: ZCR2526WSOB00077
UBN No.: ZCR2526WSOB00078
UBN No.: ZCR2526WSOB00079
UBN No.: ZCR2526WSOB00080
UBN No.: ZCR2526WSOB00081
UBN No.: ZCR2526WSOB00082
UBN No.: ZCR2526WSOB00083

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGADH

गीता देवी, प्रशासक GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGADH